प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अप्रैल 2024

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अप्रैल 2024

अप्रैल 2024 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े सारणी 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) मार्च 2024 में 9.37 प्रतिशत (फरवरी 2024 में 9.36 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर मार्च 2024 में 9.85 प्रतिशत रही (फरवरी 2024 में 9.83 प्रतिशत)[1]।
- एससीबी की एक वर्ष की औसत निधियों की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) मार्च में 8.80 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल 2024 में 8.85 प्रतिशत हो गई।

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) फरवरी 2024 के 6.44 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 6.62 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मार्च 2024 में 6.88 प्रतिशत (फरवरी 2024 में 6.86 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/222

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।